हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 4 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 37.7 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

12 सड़कों पर उतरे व्यापारी, छह महीने से बंद शंभू बॉर्डर को ....



12 नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के जरिए बताई गई ...



## खबर संक्षेप

### नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ कुलदीप पुत्र बलबीर निवासी राम नगर कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार पानीपत अस्तित्व पाराशर की उपस्थिति में आरोपी के पास से आठ बुफ्रोफाइन नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए है।

### सड़क हादसे में यूपी प्रवासी की मौत

**पानीपत।** पानीपत में कृष्णा गार्डन रोड पर तेज रफ्तार हाइड्रा चालक ने 50 वर्षीय राम सिंह मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी छोटूराम चौक को कुचल दिया। घायल अवस्था में राम सिंह को तुरंत नजदीकी एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद आरोपी चालक मौके पर हाइड्रा छोड़कर फरार हो गया। इधर, हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैस प्लांट पर मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** एडीसी एवं मुख्य परियोजना अधिकारी डॉ. पंकज यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से गऊशालाओं, संस्थाओं, धर्मार्थ संस्थान, पोल्ट्री फार्म, वाणिज्यिक और व्यक्तिगत डेयरियों में बायो गैस प्लांट लगाने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है। वहीं, प्रदेश सरकार उर्जा की बचत के लिए नित नए-नए प्रयास कर रही है। साथ ही साथ बायो गैस प्लांट लगाने के लिए भी सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### युवक के साथ मारपीट कर लूटी नकदी

**यमुनानगर।** गांव करेहड़ा खुर्द के पास तीन बदमाशों ने ससौली निवासी इमरान के साथ मारपीट कर उससे 10 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। ससौली निवासी इमरान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो जुलाई को गांव करेहड़ा खुर्द में तीन युवकों ने ने उसके साथ मारपीट शुरू की और उससे 10 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया।

# बारिश होने पर भी लोगों को नहीं मिली उमस से राहत

## यमुनानगर में बुधवार को कई स्थानों पर हुई हल्की बारिश और दिन भर होती रही बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- बूंदाबांदी से दिन भर जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त

जिले में बुधवार को कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई और दिन भर रुक-रुक कर बुंदाबांदी होती रही। मगर हल्की बारिश होने और दिन भर बुंदाबांदी जारी रहने के बावजूद लोगों को मौसम में बनी उमस से राहत नहीं मिली। वहीं, हल्की बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

बुधवार सुबह जिले के यमुनानगर समेत कई स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। वहीं, दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और रुक रुक कर बुंदाबांदी होती रही। जिसकी वजह से लोगों की सड़कों पर आवाजाही कम रही। बुंदाबांदी होने से सड़कों पर कीचड़ बन गया । जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हुई। जिन्हें सड़कों पर बुंदाबांदी ने कम उस पर बने कीचड़ के छींटों ने ज्यादा परेशान किया। खास बात यह रही कि दिन भर बुंदाबांदी होने के बावजूद मौसम में उमस बनी रही।



यमुनानगर में हुई बारिश का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### धान की रोपाई ने पकड़ी तेजी

किसान प्रेम पाल, सुधीर कुमार, सतविंद्र सिंह, गुरनाम सिंह, राजबीर, महेंद्र कुमार, सुरेश पाल व रामेश्वर आदि ने बताया कि इस बार मानसून देरी से आया है। मगर इसके बावजूद जिले में अब धान की रोपाई ने तेजी पकड़ ली है। संभावना है कि जिले में इस बार भी गत वर्ष की तरह धान की रोपाई ज्यादा होगी। किसानों का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि इस बार भी गत वर्ष की तरह बारिश ज्यादा होगी।

### तापमान में आई गिरावट

बुधवार को जिले के कई स्थानों पर हुई हल्की बारिश और बुंदाबांदी के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मानसिक रुप से परेशान मजदूर ने की खुदकुशी



यमुनानगर में पोस्टमार्टम के दौरान शोकाकुल खड़े मृतक शोभित के परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसिक रुप से परेशान चल रहे बिहार निवासी प्रवासी मजदूर ने अपने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक बिहार निवासी शिव कुमार ने पुलिस दिए ब्यान में बताया कि आजकल ग्रामीण इलाके में धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। कुछ दिन पहले वह अपने बेटे शोभित कुमार व अन्य मजदूरों के साथ गांव मुकारमपुर में धान की रोपाई करने के लिए आए थे। इस दौरान वह एक कमरे में रह रहे हैं। दोपहर तीन बजे के करीब वह और अन्य मजदूर खेत में धान रोपाई कर रहे थे। इस दौरान उसका बेटा शोभित कमरे पर खाना बनाने चला गया। मगर वह दो घंटे तक वापस नहीं लौटा। जिसके बाद उन्होंने कमरे पर पहुंचकर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने बताया कि शोभित पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहा था। इसी वजह से उसने फंदा लगाकर जान दे दी।

### मामले में की बीएनएस के तहत कार्रवाई

मामले की जांच कर रहे सदर यमुनानगर थाना के जांच अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि मृतक शोभित बिहार का रहने वाला था। दो सप्ताह पहले ही वह अपने पिता व अन्य के साथ मुकारमपुर में धान की रोपाई करने पहुंचे थे। शाम को सूचना मिलने पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई की गई है।

# अंबाला सिविल एंक्लेव से शुरू होंगी फ्लाइट

## एयरपोर्ट स्टॉफ को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- नागरिक उड्डयन विभाग, पीडब्लूडी विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों निर्माण को लेकर विस्तार से की बातचीत

निर्माणाधीन सिविल एन्क्लेव (घरेलू हवाई अड्डा) से जल्द ही फ्लाइट शुरू होगी। इसके निर्माण कार्य और हवाई अड्डे को सुचारू रूप से चलाने को लेकर जो भी आवश्यक प्रबंध किए जाने हैं उनसे जुड़े विभाग तेजी से कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार का नागरिक उड्डयन विभाग इस पर नजर बनाए हुए है। समय-समय पर दिशा निर्देश दे रहा है। इसी को लेकर बुधवार को चंडीगढ़ में नागरिक उड्डयन विभाग, पीडब्लूडी विभाग और अन्य विभागों के बीच बैठक हुई। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया क बैठक के दौरान नागरिक उड्डयन विभाग के बीच एयरपोर्ट को चलाने के लिए जरुरी स्टॉफ को लेकर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से बातचीत की गई। इस दौरान सिक्योरिटी स्टॉफ की आवश्यकता पर चर्चा हुई। बैठक में एयरपोर्ट चलाने को लेकर जरूरी स्टॉफ की संख्या तय की गई। इस संबंध में अब नागरिक उड्डयन विभाग जल्द ही प्रपोजल बनाकर अप्रूवल के लिए भेजेगा। प्रवक्ता ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। यह प्रयास है कि आने वाले कुछ महीनों में ही इस अड्डे से फ्लाइट शुरू हो जाएंगी।



मीटिंग के दौरान मौजूद विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सड़क दुर्घटना में सफाई कर्मचारी की मौत

**बराडा।** गांव अधोई के रहने वाले सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत गुलजार सिंह (45) की एक सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। गुलजार सिंह के बेटे टोनी ने बताया कि कार चालक ने टक्कर मारने के बाद कार का शीशा खोलकर देखा और मौके से फरार हो गया। टोनी ने बताया कि टक्कर के बाद मेरे माता-पिता सडक़ पर गिर पड़े। हादसे में पिता के सिर, कंधे, पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, और उनकी माँ को भी काफी चोटें लगीं। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी बराड़ा में पहुंचाया। यहां उन्हें एमएम अस्पताल मुलाना रेफर कर दिया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सर्वजीत कौर को तो छुट्टी दे दी गई लेकिन गुलजार सिंह की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सिविल अस्पताल अंबाला कैंट रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टरों ने गुलजार सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

## कनाडा से बेटे के लौटने के बाद होगा संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

- मृतक के घर के आसपास पुलिस तैनात

गांव कूटेल में पुलिस में क्राइम ब्रांच में तैनात संजीव का अंतिम संस्कार उनके बेटे योगेश के कनाडा से लौटने के बाद वीरवार को गांव की शिवपुरी में किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के घर के आसपास पुलिस तैनात है। गांव में गमगीन माहौल है। ग्रामीण महिला व पुरुष परिजनों को सांत्वना देने के लिए पहुँच रहे है।

बता दे कि क्राइम ब्रांच में तैनात संजीव (42वर्ष) मंगलवार की रात को लगभग साढ़े सात बजे खाना खाने के बात घर से बाहर टहलने के लिए निकला था। उसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो युवकों ने उस पर गोली दाग दी। जिसको उपचार के लिए करनाल स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही घटना ग्रामीणों को मिली तों घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी मनोज कुमार, मधुबन थाना प्रभारी मुनीष कुमार व सीआईए पुलिस मौके पर पहुंच गई और चारो तरफ नाकेबंदी कर दी।



### वीरवार को होगा अंतिम संस्कार

मृतक का घर गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर खेतो में है। परिवार में संजीव की माँ, पत्नी व बेटी के अलावा संजीव के मृतक भाई लाभ सिंह का परिवार रहता है। मृतक संजीव का बेटा योगेश दो साल से कनाडा गया हुआ है। पुलिस ने शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया है और उसके बेटे के आने के बाद संजीव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

घटना को लेकर गांव में काफ़ी चर्चाएं और घटना को एक दुखत घटना बता रहे है।

### दुल्हन डेढ़ लाख लेकर फरार

**पानीपत।** पानीपत में दुल्हन ने सुसराल वालों को ठग लिया। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में साहिल निवासी खानपुर, यमुनानगर ने बताया कि उसने हरबीरी नाम की एक महिला से संपर्क किया। जिसने उसे कहा था कि वह उसकी शादी करवा देगी। इसके बाद वह उन्हें पानीपत की सैनी कॉलोनी में ले आई। यहां उसके साथ नीटू, उसकी पत्नी और मीना नाम की महिला भी थी। यहां पर उन्होंने सीता नाम की लड़की दिखाई। जहां बात पक्की हो गई। 27 जून की रात को यमुनानगर के मंदिर में शादी हुई। दो दिन सीता ससुराल में बिल्कुल ठीक रही। 29 जून को लड़की वालों ने फेरे की रस्म के लिए पानीपत बुलाया। यहां उन्होंने कोर्ट के सामने आने को कहा था। यहां पहुंचने के बाद साहिल, सीता, सीता की बहन उषा और उसकी भाभी ई-रिक्शा में बैठकर असंध रोड पर हनुमान मंदिर के पास ले आए। जहां उनके साथ झगड़ा किया। इसके बाद वे उनका बैग, मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। बैग में एक लाख रुपए कैश था।

### डॉ. परमजीत को मिलेगा हरियाणा साहित्य संस्कृति अकादमी पुरस्कार



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा साहित्य संस्कृति अकादमी द्वारा वर्ष 2017 से 2022 तक के पंजाबी साहित्य पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। वर्ष 2021 का जगीर कौर संधू (सर्वोत्तम महिला पुरस्कार) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पंजाबी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. परमजीत कौर सिद्धू को दिया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. परमजीत कौर सिद्धू को यह पुरस्कार उनकी साहित्य और साहित्य समीक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए घोषित किया गया है।

# पानीपत में आंध्र प्रदेश के निवासियों से फॉर्च्यूनर लूटी

- हथवाला गांव के पास राकसेड़ा रोड पर हुई वारदात

**समालखा।** पानीपत के गांव हथवाला के पास आंध्र प्रदेश निवासी ड्राइवर से हथियारों के बल पर फॉर्च्यूनर गाड़ी लूट ली। वहीं, समालखा थाना पुलिस को दी शिकायत में मोहम्मद सलमान पाशा निवासी गोपीनगर, अंध्रा प्रदेश ने बताया कि उसके मालिक मोहम्मद इयाज उर्फ सिद्धु ने हरियाणा के सोनीपत के व्यक्ति से फॉर्च्यूनर कार नंबर को बेचने के लिए फेसबुक पर डील हुई थी। जिसके बाद सिद्धु ने उक्त कार को सोनीपत छोड़कर आने के बारे में उससे कहा। जिसके लिए उसे 20 हजार रुपए मजदूरी देगा। साथ ही आरिफ नाम के युवक को भी भेज देगा। डील के मुताबिक वह तीन दिन पहले आरिफ को साथ लेकर चल पड़ा। दो जुलाई की दोपहर को वे मुरथल फ्लाइ ओवर के पास पहुंचे। जहां उन्हें एक व्यक्ति खड़ा मिला। जिसने अपना नाम नवीन निवासी गांव गगसीना जिला करनाल बताया। वह गाड़ी में बैठ गया और कहा कि आगे चलो, वहां मेरे साथी खड़े है, जोकि गाड़ी के पैसे देंगे। फिर वे वहां से नवीन के कहे अनुसार हथवाला गांव के पास राकसेड़ा रोड पर पहुंच गए। जहां नवीन ने अपने तीन साथी और बुला लिए। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे पर नवीन और उसके तीन साथियों ने बैग से पिस्तौल निकाली और उन दोनों की कनपटी पर तान दी और कहा कि दोनों गाड़ी से नीचे उतर जाओ, वर्ना गोली मार देंगे। दोनों नीचे उतर गए, बदमाश गाड़ी लूटकर फरार हो गए। वहीं, पुलिस ने लूट के इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कुवि एक साल में 75 हजार पौधरोपण कर पर्यावरण को करेगा संरक्षित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के संकाय सदस्य, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी तथा विद्यार्थी एक साल में 75 हजार पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान के लिए 5 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

## साइबर पर प्रशिक्षण

### साइबर अपराध जांच और साइबर फोरेंसिंक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा का उपयोग करना जरूरी

# साइबर उत्पीड़न सबसे अधिक महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहा: डॉ सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- सोशल मीडिया का सावधानी से करें इस्तेमाल : डॉ राजश्री सिंह

हरियाणा पुलिस अकादमी के सरदार पटेल हाल में साइबर अपराध जांच और साइबर फोरेंसिंक' विषय पर लोक अभियोजकों व न्यायिक अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को शुभारम्भ हो गया है । प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा व पंजाब राज्य के 18 लोक अभियोजक व न्यायिक अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा पुलिस अकादमी की पुलिस महानिरीक्षक डॉ राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही।

कार्यक्रम के दौरान अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव ने भी प्रतिभागियों से बातचीत की तथा समूह चित्र भी करवाया।मुख्य अतिथि डॉ राजश्री सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानी के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा की अपनी निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर ना डाले, इनका कोई भी अपराधी गलत इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराध में साइबर फोरेंसिक की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। साइबर उत्पीडन सबसे अधिक महिलाओं व बच्चों के साथ हो रहा है।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा का उपयोग करना जरूरी है। हमें स्वयं व अपने बच्चों व परिवार सदस्यों को साइबर अपराध से बचाने के लिए संवेदनशील जानकारी होना अति जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर आपको लगता है कि आपके साथ किसी प्रकारका साइबर अपराध हुआ तो शिकायत करने में देरी ना करें। कार्यक्रम में अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ सोहन सिंह ने मुख्य अतिथि व प्रतिभागियों का स्वागत किया।

अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा मुख्य अतिथि व प्रतिभागियों काआभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अकादमी के पुलिस उप-महानिरीक्षक डॉ अरूण सिंह, अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।



हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अकादमी के निदेशक व मुख्य अतिथि के साथ प्रतिभागियों का समूह चित्र।

### एशियाई वॉलीबॉल के लिए तनू राठी का चयन



पानीपत। एशियाई महिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए हरियाणा प्रदेश के पानीपत जिले के गांव जलालपुर प्रथम के नव ज्योति मॉडल स्कूल की महिला खेल वॉलीबॉल नर्सरी की खिलाडी तनू राठी का चयन हुआ है। स्कूल चेयरमैन राजेश शर्मा ने महिला खिलाड़ी के बधाई देते हुए बताया कि जिला खेल अधिकारी सतेद्र कुमार के मार्गदर्शन में वॉलीबॉल कोच सनी चौधरी व वॉलीबॉल एसोसिएशन जिला सचिव कंवलजीत मलिक और खिलाडी की कड़ी मेहनत की बदौलत हरियाणा प्रदेश से मात्र नव ज्योति स्कूल खेल नर्सरी की खिलाडी तनू राठी का महिला वॉलीबॉल एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है।

# आसन में हैंडबाल ग्राउंड पर हुआ आर्मी का स्पोंसर ट्रायल



पानीपत के गांव आसन में स्पोंसर ट्रायल में भाग लेने वाले युवा।

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कला के हैंडबाल ग्राउंड पर नागपुर में होने वाली आर्मी की भर्ती में स्पोर्ट्स कोटे से चयन के लिए खेल की स्पोंसर ट्रायल हुई। जिसमें ट्रायल आर्मी सूबेदार सिकंदर सिंह ने ली। ब्लॉक समिति सदस्य व इनसो नेता राजिंदर जैलदार और पवन कोच ने बताया की आज ग्राउंड पर आर्मी स्पोंसर ट्रायल में नो खिलाडियों का चयन हुआ। जिसमें उनको 8 जुलाई को नागपुर मे होने वाली आर्मी भर्ती में आमंत्रित किया गया। राजिंदर जैलदार ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी और कहा ऐसे ही मेहनत कर ग्राउंड का नाम रोशन करो। इस अवसर पर विकास कोच, साहिल, नरेन्द, संदीप, अंकित, राहुल, ओमपाल व सतबीर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर लड़की को किया अगवा

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की दो जुलाई को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को विशाल शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पुलिस ने स्नेचिंग के आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने पुराना सब्जी मंडी के पास हितेश से मारपीट कर बाइक व नगदी छीनने वाले गिरोह के आरोपी मोहम्मद रकीब उर्फ बिल्ला पुत्र मोहम्मद रफी निवासी पहलवान चौक, कुटानी रोड पानीपत को गिरफ्तार किया है। स्नेचिंग की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में हितेश पुत्र नरेंद्र निवासी सेक्टर 12 की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### बदमाशों ने महिला की चेन छीनी

**पानीपत।** पानीपत शहर के सेक्टर 25, पार्ट टू में यहां की ही निवासी मीरा देवी की चेन झपट ली गई। वारदात को अंजाम उस वक्त दिया गया, जब महिला घरेलू सामान लेने के लिए पैदल-पैदल दुकान पर जा रही थी। रास्ते में एक पल्सर सवार दो बदमाशों ने अचानक गले पर झपटा मारा लिया।

### जजपा की बैठक पांच को

**पानीपत।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 5 जुलाई को दोपहर 11 बजे पानीपत के सेक्टर 25 स्थित शगुन गार्डन में जिला कार्यकारिणी की बैठक लेंगे।

# प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है समस्याओं का समाधान: सिन्हा

## जिला प्रशासन ने लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का किया आयोजन

- नागरिकों द्वारा रखी गई 72 समस्याओं का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए बुधवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की। उन्होंने मौके पर शिविर में नागरिकों द्वारा रखी गई 72 समस्याओं का समाधान किया।

अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि बुधवार को शिविर में 72 समस्याएं रखी गई। जो प्रॉपर्टी, आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित थी। उन्होंने बताया कि सभी समस्याओं का मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उदेश्य लोगों की समस्याओं को तुरंत समाधान करना है। इन समाधान शिविरों में जनता से सीधी जुड़ी समस्याओं का मौके पर निवारण किया जा रहा है। ताकि उन्हें कार्यालयों को चक्कर ना काटने पड़ें। उन्होंने बताया कि शिविर में नजराना निवासी चांदपुर का परिवार पहचान पत्र ठीक किया गया। रघुबीर निवासी पटरी मोहल्ला व दया देवी निवासी गंगानगर कालोनी की मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। सुरेन्द्र सिंह निवासी वीना नगर की मौके पर विधुर पैंशन बनवाई गई।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एडीसी आयुष सिन्हा व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### अपराध से संबंधित एसपी ने सुनी समस्याएं

समाधान शिविर में अपराध से संबंधित आई समस्याओं को मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने सुना और उनका समाधान किया गया। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वह थाना, पुलिस चौकी में आई शिकायतों व समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। ताकि जनता को कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े और उन्हें न्याय मिल सके। इस अवसर पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, एचसीएस अंडर ट्रेनिंग आशीष कुमार, डीआरओ श्याम लालए, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, डीएमसी विजय पाल यादव व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं

- योजना के तहत महिलाओं को उपलब्ध कराया जाता है तीन लाख का ऋण
- महिलाओं को किया मातृशक्ति उद्यमिता योजना का लाभ उठाए जाने के लिए आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

हरियाणा सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। इन योजनाओं में मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में काफी कारगर है। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय पांच लाख रुपये या फिर इससे कम है। इसके साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि मातृशक्ति उद्यमिता योजना के माध्यम से महिलाओं को तीन लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी। जानकारी के लिए कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम में संपर्क कर सकते हैं।

# तिशा ने स्पर्धा में जीता प्रथम स्थान

- दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हुई प्रतियोगिता
- बुधवार को कॉलेज में पहुंचने पर तिशा सैनी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर की सज्जा विभाग की प्राध्यापिका तिशा सैनी ने गत दिवस दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ब्यूटी एक्सपो में हेयर केयर ब्रांड मिस्टर बार्बर की ओर से आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को तिशा सैनी का कॉलेज में पहुंचने पर स्टॉफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया और इस उपलब्धि पर कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन व रूप सज्जा विभाग अध्यक्ष एवं नेचर बाउंड नचरेंस कॉस्मेटिक उद्योग की संस्थापक शशि कुमार ने बधाई दी है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीनू जैन ने बताया कि दिल्ली के प्रगति मैदान में एक व दो जुलाई को ब्यूटी एक्सपो का आयोजन हुआ। जिसमें सौंदर्य प्रसाधन बनाने वाली देश व विदेश की 150 से ज्यादा कंपनियों ने भाग लिया। विभाग की छात्राओं को बाजार में लांच होने वाले विभिन्न प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन की जानकारी देने के उद्देश्य से रूप सज्जा विभाग अध्यक्ष शशि कुमार, प्राध्यापिका तिशा सैनी व छात्राओं ने ब्यूटी एक्सपो में भाग लिया। ब्यूटी एक्सपो में विभिन्न प्रोडक्ट के ब्रांड एंबेस्टर, सेलेब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट, सोशल मीडिया इंफ्ल्युएंसर ने विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट की जानकारी दी। साथ ही बॉलीवुड व हॉलीवुड इंडस्ट्री में चल रहे सौंदर्य प्रसाधन के नए ट्रेंड के बारे में बताया। इसके अलावा ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में भी बताया कि जिन्हें आने वाले दिनों में लांच किया जाना है।

उन्होंने बताया कि ब्यूटी एक्सपो में हेयर केयर ब्रांड मिस्टर बार्बर की ओर से बालों व उनके स्टाइल से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज की सज्जा विभाग की प्राध्यापिका तिशा सैनी का स्वागत करते हुए स्टॉफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# नगर निगम ने नालों में चलाया सफाई अभियान

- घरों व दुकानों से निकलने वाले कचरे को नालों में ना डालें: हरजीत
- बुधवार को सीएसआई हरजीत सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने जांची नालों की सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ट्विन सिटी (यमुनानगर-जगाधरी) में बारिश के पानी की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत नालों की गहराई तक सफाई की जा रही है और कूड़ा कर्कट को बाहर निकाला जा रहा है। ताकि बारिश होने पर शहर में जलभराव की समस्या ना हो सके। बुधवार को निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देश पर सीएसआई हरजीत सिंह व सीएसआई सुनील दत्त समेत अन्य अधिकारियों ने नालों की सफाई का निरीक्षण किया और स्वयं खड़े होकर नालों की सफाई करवाई। सीएसआई हरजीत सिंह बुधवार सुबह अन्य अधिकारियों व निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण शर्मा उर्फ पिन्नी के साथ जगाधरी के नालों का निरीक्षण करने निकले। सबसे पहले गौरी शंकर मंदिर के नजदीक बने नाले का निरीक्षण किया गया। इसके बाद प्रकाश चौक रोड, प्रकाश चौक, देवीभवन बाजार, झंडा चौक व ढोल वाली पुलिया समेत कई स्थानों पर नालों की सफाई की जांच की गई। कुछ स्थानों पर सफाई कर्मचारी नालों से गंदगी बाहर निकालते हुए मिले। जिन्हें गहराई तक नालों की पूरी गंदगी व गाद को साफ करने के निर्देश दिए गए। जो नाले अंडरग्राउंड बनाए हुए हैं। उनके मेन हॉल व चैंबर की जालियां उठाकर गंदगी को साफ करवाया गया। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे गहनता से नालों की सफाई करें। नालों में जहां लोहे के जाल लगे हुए हैं उनमें फंसा कचरा पूरी तरह साफ करें। हरजीत सिंह ने शहरवासियों से भी अपील की कि वे अपने घर, दुकान, कार्यालय से निकलने वाले ठोस कचरे को नाले में न डाले। इससे नाले अवरुद्ध हो जाते हैं और जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। कचरा अपने घर में अलग अलग डस्टबिन में एकत्रित करें और उसे निगम के डोर टू डोर आने वाले वाहन में ही डालें।



यमुनानगर। जगाधरी में नालों की सफाई अभियान का निरीक्षण करते हुए सीएसआई हरजीत सिंह व निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण शर्मा।



# विद्यार्थियों को दी ई-वेस्ट की जानकारी

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में बुधवार को इको क्लब के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को ई-वेस्ट के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर विद्यालय के अंग्रेजी प्राध्यापक पवन रोहिला ने बताया कि ई वेस्ट आज की बहुत बड़ी समस्या है। इको क्लब के इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने बच्चों को ई-वेस्ट जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, रेडियो, प्रिंटर, आईपैड व व्हिच ईयर आदि जो खराब हो जाते हैं को पर्यावरण के लिए एक गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि इन वेस्ट उपकरणों को खुले में जलाना या मिट्टी में दबाना अत्यंत हानिकारक हो सकता है। इसे गंभीर रोगों के बढ़ाने की उम्मीद है। ई कचरे के निपटान पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल इंदिरा देवी, मुकेश रोहिल्ला, विपिन, संत कुमार, दिनेश, रामपाल, सतीश, राजेश, राजीव, निर्मल, रेखा, मीनू, रूबी व मंजू आदि उपस्थित रहे।

# सरकार की नीतियों से किया जा रहा जागरूक

- प्रदेश सरकार के साढ़े चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग चला रहा है विशेष प्रचार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश सरकार के सफलतम साढ़े चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान जिले के गांवों और शहरों के वाडार्र् को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉ.सुनील बसताड़ा ने बताया कि विभाग की भजन पार्टियों द्वारा गत शाम गांव आहलूवाला, भम्भौल, राजपुर, छछरौली, आहड़वाला, जयधर, अकालगढ़, भम्भौली, कनीपला, पंजेटो, अजीजपुर कलां, जयधरी में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों बारे जागरूक किया गया। हरियाणवी लोक शैली में ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों से भी अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि जिले में विशेष प्रचार अभियान में सूचीबद्ध भजन पार्टी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पहुंच रही हैं। भजन पार्टियां अपनी गीत व संगीतमय मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों के बारे में आमजन को जागरूक करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रचार अभियान का उद्देश्य आमजन को सरकार की विकासात्मक नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों के साथ-साथ लोकप्रिय योजनाओं बारे लोक गायन शैली के माध्यम से जागरूक करना है। प्रचार अभियान के लिए प्रचार टीम की ड्यूटी लगाई गई है जो जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में प्रचार कर रही है।



यमुनानगर। गांव जयधर में सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करती भजन पार्टियां। फोटो: हरिभूमि

# स्वामी विवेकानंद की मनाई पुण्यातिथि

- रादौर की ओड कॉलोनी स्थित आर्य समाज धर्मशाला में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर की ओड कॉलोनी स्थित आर्य समाज धर्मशाला में धर्मशाला कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यातिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज धर्मशाला कमेटी के प्रधान रमेशचंद आर्य ने की। धर्मशाला के प्रधान रमेशचंद आर्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद महाराज बहु प्रतिभा के धनी थे। हमें उनके जीवन के हर पहलु से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता हाई कोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे। स्वामी विवेकानंद ने 16 वर्ष की आयु में कलकत्ता से एंट्रेंस की परीक्षा पास की और कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त की। स्वामी विवेकानंद नवंबर 1881 में रामकृष्ण से मिले और उनकी आंतरिक आध्यात्मिक चमत्कारिक शक्तियों से प्रभावित होकर उनके सर्व प्रमुख शिष्य बन गए। स्वामी विवेकानंद ने 1 मई 1897 में कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन और 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की। भारत में स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई 1902 को बेलूर के रामकृष्ण मठ में स्वामी विवेकानंद ने ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण कर सदा सदा के लिए प्रभु के चरणों में विलीन हो गए। मौके पर गणमान्य ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## जिला सचिवालय में सड़क सुरक्षा कमेटी की हुई बैठक

# क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत करवाएं ठीक: सोनू

- कमेटी में मौजूद अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला सचिवालय में बुधवार को सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जगाधरी के एसडीएम सोनू राम ने की। उन्होंने बैठक में पीडब्ल्यूडी, एनएचआई व मार्किटिंग बोर्ड के अधिकारियों को जिस क्षेत्र में सड़कें क्षतिग्रस्त उन्हें तुरंत ठीक किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम सोनू राम ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है। बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिन्दगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुनिश्चित करें कि युवा नशा करके वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि जिन जिन सड़कों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं। वहां पर यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य सही ढंग से हो व कार्य प्रगति का सूचना पट्ट अवश्य लगाया जाए। ताकि वाहन चालक पहले से ही सावधान हो जाएं। एसडीएम सोनू राम ने जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक में सुरक्षित वाहन नीति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने से जहां एक व्यक्ति की जान जाती है। वहीं उसके परिवार को भी जीवन भर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नए ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर सड़कों की मरम्मत का कार्य विशेष प्राथमिकता से करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ट्रैफिक लाइटें ठीक करने तथा मुख्य मार्गोंर् पर मरम्मत योग्य स्ट्रीट लाईटों को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम सोनू राम। फोटो: हरिभूमि

### स्कूलों में लगाएं जागरुकता कैंप

एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा स्कूलों में विशेष जागरूकता कैम्प लगाए जाएं। ताकि विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी मिल सके और वह यह जानकारी अपने अपने परिवार के सदस्यों को दे सकें। इस अवसर पर एसडीएम रादौर जय प्रकाश, सीटीएम पीयूष गुप्ता, सचिव आरटीए एवं जिला परिवहन अधिकारी हरतजीत कौर, डीएसपी कुलबीर, जीएम रोडवेज संजय रावल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नवीन खत्री, समिति सदस्य सुशील आर्य व जिला यातायात सुरक्षा कमेटी के सदस्य सरदार हरदेव सिंह व भरत आदि मौजूद रहे।

# अन्नपूर्णा सप्ताह के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को किया राशन वितरित

- रोटरैक्ट क्लब जीएनकेआईटीएम द्वारा अन्नपूर्णा सप्ताह का किया जा रहा है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

रोटरैक्ट क्लब जीएनकेआईटीएम द्वारा अन्नपूर्णा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके तहत सप्ताह के प्रत्येक दिन जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया जा रहा है। इसके साथ ही क्लब द्वारा भंडारा भी लगाया गया। बुधवार को क्लब सदस्यों ने बाड़ी माजरा में जाकर जरूरतमंद परिवार के सदस्यों को राशन वितरित किया। क्लब की प्रधान वाहिनी ने बताया कि अन्नपूर्णा सप्ताह के तहत सोमवार को क्लब द्वारा हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही मंगलवार को क्लब के सदस्यों ने शहर के चिट्टा मंदिर में जाकर साधुओं को भोजन व फल वितरित किए।

इसके साथ ही बुधवार को बाड़ी माजरा कॉलोनी में जाकर जरूरतमंद परिवार के सदस्यों को राशन वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा अन्नपूर्ण सप्ताह मनाने का मुख्या उद्देश्य यह है कि इस सप्ताह के तहत कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी क्लब के सदस्य इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। मौके पर क्लब के सदस्य वंश, रिधी, ईशा, अमृत शर्मा, भावना, श्रेया, इशिका, प्रांशु जैन, अनिकेत मिश्रा, वासुदेव त्यागी व मुज्जफर आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। बाड़ी माजरा में जरूरतमंद परिवार के सदस्य को राशन वितरित करते क्लब के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 7 को

**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी स्वर्गीय सुमेर चंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में सरस्वती मैडिसन एजेंसी कुरूक्षेत्र एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 7 जुलाई को अग्रवाल धर्मशाला, नजदीक रेलवे स्टेशन, कुरूक्षेत्र में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सरस्वती मेडिसन एजेंसी के संचालक वेद भूषण अग्रवाल, भारत भूषण अग्रवाल तथा विनोद अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से स्वर्गीय श्री सुमेर चंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है।

### प्रो. वीएन अत्री बने जीओएपी ऑस्ट्रेलिया के सदस्य

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय इंडो-पैसिफिक अध्ययन केंद्र के निदेशक, प्रोफेसर वी. एन. अत्री को ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के मुख्यालय वाले ग्लोबल ओशन अकाउंटिंग पार्टनरशिप ( जीओएपी) के तकनीकी विशेषज्ञ पैनल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने प्रोफेसर अत्री को बधाई दी और कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व और खुशी की बात है कि विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### 18 वर्ष की आयु वाले अवश्य बनावाएं वोट:रमन

**कुरुक्षेत्र।** नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण का कार्य 25 जून से शुरू हो चुका है। इसके अनुसार 25 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक मतदाता सूचियों से जुड़े, दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। आयोग की हिदायत अनुसार मतदाता सूचियों में अधिक से अधिक योग्य मतदाताओं के नाम शामिल करवाने तथा मतदाता सूचियों में अशुद्धियों को दूर करने हेतु 27 व 28 जुलाई तथा 3 व 4 अगस्त 2024 के दिन मतदान केन्द्रों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

### एसबीआई शाखा पिहोवा ने किया पौधरोपण

**पिहोवा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पिहोवा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के तहत बैंक के कर्मचारियों व स्कूल टीचरों ने मिलकर कई पौधे लगाए। इस अवसर पर एसबीआई बैंक के डिप्टी मैनेजर मनोज कुमार ने बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पेड़ पौधों की देखभाल के लिए प्रेरित किया गया।

### आपराधिक कानूनों को निरस्त करने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** एसयूसीआई के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि न्यायविदों के साथ-साथ अन्य प्रमुख हस्तियों की आवाज और जनमत की अवज्ञा करते हुए भाजपा सरकार ने तीन काले आपराधिक कानून लागू कर दिए हैं। हालांकि इन कानूनों को औपनिवेशिक शासन के दौरान बनाए गए कानूनों के स्थान पर लागू करने का दावा किया जाता है, लेकिन वास्तव में ये कानून और भी अधिक क्रूर और कठोर हैं तथा देश को पुलिस राज में बदलने वाले हैं। यह स्पष्ट है कि भाजपा सरकार पिछले दस वर्षों से जारी अघोषित आपातकाल और फासीवादी निरंकुश शासन को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है ताकि मेहनतकश जनता का जीवन और भी अधिक कष्टमय हो जाए। एसयूसीआई इन कानूनों को तत्काल निरस्त करने की मांग करती हैं।

---

### आसमान में दिनभर छाए रहे बादल, तापमान में आई गिरावट

# सुबह हुई बारिश से मौसम हुआ सुहावना लोगों को मिली उमस भरी गर्मी से राहत

**बारीश के कारण कई कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति पैदा हुई**





**कुरुक्षेत्र।** शीला नगर में गली में जमा बरसात का पानी व आसमान में छाए बादल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उमस भरी गर्मी झेल रहे जिलावासियों को बुधवार को राहत महसूस हुई। अलसुबह करीब 6 बजे बारिश हुई। बारिश लगातार एक घंटा तक चली। इसके बाद सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। धूप नहीं निकलने के कारण गर्मी में कमी आई। गर्मी के कारण लोग घरों से निकलने में भी कई बार सोचना पड़ता था। गर्मी के कारण कई क्षेत्रों में डायरिया, उल्टी, दस्त आदि की बीमारी ने अपने पैर पसार लिए थे। अस्पतालों में भी मरीजों की भरमार दिखाई दे रही थी। बुधवार अलसुबह 6 बजे बूंदाबांदी शुरू हुई। साढे.6 बजे तक बूंदाबांदी बारिश में तब्दील हो गई। करीब 7 बजे तक झमाझम बारिश हुई। आधा घंटा की झमाझम बारिश के कारण कई कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। बारिश से जहां लोगों ने राहत महसूस की वही किसानों के चेहरे खिल उठे। बारिश धान के लिए फायदेमंद है। इस समय खेतों में धान की बुआई का कार्य जारी है। तापमान में गिरावट आने के कारण लोगों की चहल-पहल बढ़ गई। सड़कों पर काफी संख्या में लोग दिखाई देने लगे. वहीं वाहनों की भी संख्या बढ़ गई। बाजार में भी भीड़ भाड़ की स्थिति देखी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी संख्या में लोग शहर में पहुंचे तथा अपने काम में लगे रहे।

#### बाजार में रही रौनक

भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए बुधवार की सुबह राहत ले आई। आसमान में पूरे दिन बादल उमड़ते नजर आए। हवा भी चली। सामान्य जनजीवन पटरी पर लौटते ही बाजार भी गुलजार हो उठा। बुधवार को अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा।

#### कार्यालयों में भी भीड़ की स्थिति

बुधवार के पहले भीषण गर्मी के कारण कार्यालयों में भी कर्मियों के अलावे लोग काफी कम संख्या में पहुंच रहे थे। इस कारण भीड़ भाड़ की स्थिति नहीं रह रही थी। बुधवार को गर्मी में काफी कमी आने के कारण लोग अपने काम को लेकर काफी संख्या में कार्यालयों में भी पहुंचे। गर्मी के कारण बाहर निकलने वाले भी जल्दी-जल्दी काम को निपटा कर घर जाने की प्राथमिकता रखते थे, जबकि बुधवार को लोगों द्वारा घर जाने की हड़बड़ी नहीं दिखाई दे रही थी।

जानकारों की मानें तो आने वाले दो-तीन दिनों में बारिश के संकेत भी मिल रहे हैं। बारिश होने की स्थिति में तापमान भी तेजी से गिरेगा। इसके विपरीत, मौसम के बदले मिजाज की वजह से बाजार में भी रौनक रही। लोग जरूरी कामकाज निपटाने के लिए घरों से बाहर निकले तो खरीददारी भी की। खेत-खलिहान में किसान कामकाज में जुटे रहे।

---

## लोगों ने नम आंखों से दी रामनाथ बंसल को श्रद्धांजलि



पिहोवा। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद नगरवासी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

समाज में शांत स्वभाव के लोगों की गिनती बहुत कम आंकी जा सकती है। ऐसे ही शांत स्वभाव से जुड़े एक व्यक्तित्व का नाम है रामनाथ बंसल। जो बड़े ही सरल और शांत स्वभाव के साथ साथ मिलनसार व हंसमुख व्यक्ति थे। वह हमेशा सहयोग की भावना से लोगों के बीच रहते थे। 2007 में बिजली विभाग से सेवानिवृत हुए रामनाथ बंसल गत 21 जून को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गए थे। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखी गई शोक सभा बुधवार को प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में संपन्न हुई। सैकड़ो लोगों ने नमः आंखों से स्व. रामनाथ बंसल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में नगर की अनेक धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बंसल परिवार के साथ दुख सांझा किया। पंडित संजय पौलस्त्य द्वारा गरुड़ पुराण के पाठ का समापन कर बंसल परिवार से आरती करवाई गई। विशेष रूप से पहुंची श्री आनंत प्रेम आश्रम की संचालिका संत साधनानंद ने अपने प्रवचनों के माध्यम से प्रभु भक्ति व मुक्ति मार्ग का बखान कर बंसल परिवार व उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया। श्रद्धांजलि सभा में डा. सुदर्शन चुघ, डा.अमित अरोड़ा, प्रो. रणधीर सिंह, कृष्ण धमीजा, विनोद शर्मा, राकेश नरूला, बाबू राम तुषार, श्रवण मंगला, रमेश मित्तल, डा.राजेंद्र मंगला, विपिन काहडा, विनोद बंसल, किशोर शर्मा, नरेश वधवा, रोशन लाल गर्ग, सुरेंद्र बंसल, सुभाष पौलस्त्य, विनोद सैनी, राकेश वधवार, अनिल धवन, जगदीश तनेजा आदि ने पीड़ित बंसल परिवार के प्रति अपने संवेदनाएं व्यक्त की।

---

## सीएम की घोषणाओं से सरपंच गदगद: विकल

- गांव में पेयजल की समस्या को हल करवाने की बात पर प्रदेशवासियों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। सरपंच विकल कुमार चौबे।

गांव धनीरामपुरा के युवा सरपंच नेता विकल कुमार चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश दिन प्रतिदिन प्रगति एवम विकास के नए आयाम छू रहा है। जब से नायब सैनी ने सीएम का पदभार संभाला है तभी से विकास कार्यों के घोषणाओं, सरकारी कर्मचारी की उन्नति, कच्चे कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि, सरपंचों को 21 लाख तक के विकास कार्यों के काम करवाने की पावर देना, सरपंचों को टीए के तौर पर 16 रुपए प्रति किलोमीटर टैक्सी खर्च देने, कोर्ट केस में जिला कोर्ट फीस 1100 से बढाकर 5500 रुपए व हाई कोर्ट कोर्ट फीस में 5500 से बढाकर 33000 करने, पंजीकृत ठेकेदार को 50 लाख तक के काम करने की अनुमति, पंचायत को कंप्यूटरकृत करने के लिए 3 हजार कंप्यूटर ऑपरेटर लगाए जाने व डेस्कटॉप प्रिंटर से पंचायते को चकाचक करने, इसके अलावा ग्राम पंचायत राष्ट्रीय पर्व या विशिष्ट आयोजन के लिए पंचायत फंड से 30 हजार तक खर्च करने व गांव में पेयजल की समस्या को पंचायत अब अपने रेजुलेशन पर ही उसे कार्य को पब्लिक हेल्थ द्वारा ठीक करवाने सहित अनेको सौगात देने की घोषणा से प्रदेशवासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी कमर कस ली है और पार्टी के प्रचार प्रसार हेतु जुट गए हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज होगी।

---

## बीए व बीसीए की पहली मेरिट सूची जारी

- बीए के लिए 4 व 5 तथा बीसीए के लिए 5 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग के लिए होना होगा उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीए व बीसीए में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध बीए की मेरिट सूची के अनुसार क्रम संख्या 1 से लेकर 250 तक के अभ्यर्थियों को 4 जुलाई को तथा 5 जुलाई को मेरिट सूची की क्रम संख्या 251 से लेकर 460 तक के अभ्यर्थियों को कमरा संख्या 26 में संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेना होगा तथा दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीसीए की मेरिट सूची के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को फिजिकल काउंसलिंग के लिए 5 जुलाई को कमरा संख्या 101 में उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में रिपोर्ट करने का समय 8 बजकर 30 मिनट है। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

#### बीए व बीसीए की मेरिट सूची

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस में बीए ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 108.4 से शुरू होकर 100.4 तक, हरियाणा जनरल की 100.4 से 92 पर, ऑल इंडिया जनरल ईडब्ल्यूएस 96.8 से 95 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 95 से शुरू होकर 92 तक, हरियाणा एससी की 96.8 से 94.2 तक, हरियाणा डी-एससी 96.6 से 91.2, हरियाणा बीसीए 96.8 से 92.8, हरियाणा बीसी बी 96.8 से 82.4 तथा डीए/ईएसएम/एफएफ की मेरिट सूची 94 से 78 पर समाप्त हुई है। उन्होंने बताया कि बीसीए ऑल इंडिया जनरल की मेरिट सूची 105.2 से शुरू होकर 99.8 पर, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 99.2, हरियाणा जनरल 99.8 से 97.8, हरियाणा ईडब्ल्यूएस 97.4 से 96.8, हरियाणा बीसीए 97.8 से 95.4, बीसीबी 97.4 से 94.6, हरियाणा एससी 97.8 से 94.2, हरियाणा डीएससी 96.4 से 92.2 तथा दिव्यांग श्रेणी की मेरिट 84.8 से शुरू होकर 54.2 पर समाप्त हुई। इस संबंध में विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

---

## हरियाणा में बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार : स्वीटी रंगा



**शाहबाद।** कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करती स्वीटी रंगा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हल्का शाहबाद के गांव लंडी में स्वीटी रंगा नलवी ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। स्वीटी रंगा नलवी लगातार हल्का शाहाबाद के गांव और शहर में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। हरियाणा में जन जन की आवाज बने कांग्रेस सरकार। स्वीटी रंगा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हर वर्ग भाजपा सरकार से दुंखी है। स्वीटी रंगा ने कहा कि आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं महंगाई की मार पड़ रही है। स्वीटी रंगा ने हल्का शाहाबाद के युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें क्योंकि शाहाबाद हल्के में नशा आज चरम सीमा पर है। जिसके कारण कई घर और जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं। स्वीटी रंगा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है अबकी बार कांग्रेस सरकार बनेगी।

---

## सिखों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करे भाजपा : हरप्रीत सिंह चीमा

- सिख न्याय चौपाल में भारी संख्या में सिखों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं युवा कांग्रेस कुरुक्षेत्र के पूर्व जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि सिखों का विश्व भर में एक विशेष रुतबा है, जो उन्होंने देश, कौम और समाज की सेवा कर बनाया है। मुगल और अंग्रेज शासन के खिलाफ मोर्चा खोल कर सिखो ने शहादत के जाम पिए हैं। देश के लिए आजादी की लड़ाई में सिखों ने अपना विशेष स्थान बना कर यह साबित कर दिया है कि सिखों का कोई भी सानी नहीं है। चीमा ने कांग्रेस द्वारा आयोजित सिख न्याय चौपाल में बोलते हुए सिखों का एक मांग पत्र राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा इंचार्ज दीपक बावरिया एवं चुनाव घोषणा पत्र के अध्यक्ष गीता भुक्कल को दिया। सिख न्याय चौपाल में भारी संख्या में सिखों के प्रतिनिधियों, गुरुद्वारा साहिबान के प्रधान, गांव के सरपंच, धार्मिक संस्थाओं के प्रधान एवं सिख विद्वानों ने भाग लिया। चीमा ने बताया कि हरियाणा में लंबे अरसे से पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा देने की सिर्फ बातें हो रही हैं। सिखों की मातृभाषा को प्रदेश में दूसरी भाषा का दर्जा देने का दावा तो सरकारों ने किया है, लेकिन धरातल पर इसे अमली जामा पहनाने के लिए किसी भी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह सरपंच सोकड़ा, गुरतेज सिंह सिखों प्रधान बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र, परविंदर सिंह कंबोज रिटायर सूबेदार, दीदार सिंह नलवी मेंबर हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी, परमजीत सिंह गुंबर उपप्रधान अनाज मंडी इस्माईलाबाद, हरनिमृत सिंह सिद्धू प्रधान गुरु नानक स्कूल इस्माईलाबाद, गुरविंदर सिंह बाजवा प्रधान सिख मिशन कॉलेज, मनप्रीत सिंह चीमा आदि मौजूद रहे।

---

## भाजपा सरकार ने शुरू की बांटनी चुनावी रेवड़ी: जगदीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश राठी ने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के पिछले दोनों कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर रहा है। भाजपा सरकार अपनी दमनकारी नीतियों के लिए हरियाणा प्रदेश में प्रसिद्ध रही है। हरियाणा भारत का पहला राज्य है जहां परिवार पहचान पत्र लागू किया गया था। इस परिवार पहचान पत्र की आड़ लेकर भाजपा सरकार ने हजारों गरीबों के आयुष्मान कार्ड तथा राशन से जुड़ी अन्य सुविधाओं से वंचित कर दिया। हरियाणा में पोर्टल के नाम पर प्रॉपर्टी आईडी ,तथा एनडीसी के लिए करोड़ों रुपए जनता से लूटे गए। इन सभी असुविधाओं से पीड़ित जनता ने लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर भाजपा को आईना दिखा दिया। राठी ने कहा कि अब आगामी विधानसभा चुनाव सिर पर है। मौके की नजाकत को देखते हुए भाजपा ने चुनावी रेवड़ी बंटनी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव के नतीजों को देखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार समाधान प्रकोष्ठ बनाकर पिछली गलतियों को सुधारने काआश्वासन दिया जा रहा है।

---



कुरुक्षेत्र। प्रसन्नता जाहिर करते सरपंच। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री की घोषणाओं का किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित हुए प्रदेशस्तरीय सरपंच सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा की गई समाज हित में घोषणाएं और सरपंचों के मान सम्मान में की गई बढ़ोतरी को लेकर सरपंचों में सरकार के प्रति भारी प्रसन्नता देखने को मिली। सरपंच सम्मेलन में उपस्थिति देने उपरांत गांव कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि जो मान सम्मान सरपंचों को वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिया है ऐसा मान सम्मान कभी किसी मुख्यमंत्री ने नहीं दिया दिया। मुख्यमंत्री ने सरपंचों को बहुत पावरफुल बना दिया है क्योंकि अब सरपंच ग्राम सचिव की ए.सी.आर. पर कर सकेंगे टिप्पणी और गांव में होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में डी.सी.और एस.पी. के साथ रखी कुर्सी पर सरपंच बैठा करेंगे। सरपंच अब बिना टेंडर के 21 लाख रुपए तक गांव में विकास कार्य करवा सकेंगे। इस अवसर पर कुलदीप सैनी, बलदेव सैनी, सेवा सिंह, सैनी गुरुदेव सिंह बलविंदर सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

---

### 130 शिकायतों को सुना व संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# शिविरों में हो रहा समस्याओं का समाधान : शांतनु

- उपायुक्त ने लघु सचिवालय के सभागार में जनता की शिकायतें सुनीं
- प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याओं का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** समाधान शिविर में समस्याएं सुनते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन समाधान शिविरों में फैमिली आईडी प्रोपर्टी आईडी, पैंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायत, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा। इसके साथ-साथ आमजन की अन्य समस्याओं को भी शिविरों के माध्यम से सुना जा रहा है और संबंधित विभाग को इसका समाधान करने के निर्देश दिए जा रहे है। उपायुक्त शांतनु शर्मा बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित आमजन की समस्याओं का दस्तावेज के आधार पर केटेगरी सहित मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस समाधान शिविर में करीब 130 शिकायतों को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने क्रिड की डीएम मेनका बूरा को कहा कि फैमिली आईडी से संबंधित जो शिकायतें आ रही है, उसका तय समय सीमा के अंदर समाधान करें तथा शिकायतकर्ता का नंबर जरुर लें ताकि उससे संपर्क किया जा सके। इसके अलावा आमजन को पोर्टल से संबंधित भी दे। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार यह समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है, इन शिविरों को लगाने का उद्देश्य है कि आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो जाए, क्योंकि सभी अधिकारी एक साथ उपस्थित रहते है और समस्या का समाधान पल भर में हो जाता है। इस मौके पर एडीसी डा. वैशाली शर्मा, नगराधीश डा. रमन गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो आरोपियों को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरपाल सिंह व हरमन को शामिल जांच किया। मिलाप नगर के गौरव ने 18 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हरमन, गुरपाल सिंह व अन्य ने उससे तथा उसके भान्जे रोहित से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### उत्पीड़न के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 17 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 फरवरी 1998 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दो मामले में चार आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने व आम नागरिकों की शांति भंग करने के मामले में आरोपी सौरभ, साहिल, कुलविंद्र व एक अन्य मामले में आरोपी पुरषोतम को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं।

### साइबर अपराध को लेकर किया जागरुक

**अंबाला।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर ओपी सिंह के निर्देशानुसार महेशनगर क्षेत्र के बब्याल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय में उदय हरियाणा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत छात्रों व शिक्षकों को साइबर अपराध से बचाव, हेल्पलाइन नंबर 1930 व युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों से जुडने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 295 छात्रों व नागरिकों ने हिस्सा लिया।

### 5 को होगी कष्ट निवारण समिति की बैठक

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 4 जुलाई को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित होने वाली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक अब 5 जुलाई दोपहर बाद 12 बजे आयोजित की जाएगी। समिति की बैठक में कुल 14 मामलें रखे जाएंगे। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डा. कमल गुप्ता करेंगे।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**कैथल।** गांव हरिगढ़ कींगन में एक मोटरसाइकिल चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी पूर्ण सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि 30 जून को सुबह के समय वह स्कूटी पर सवार होकर गांव की मुख्य सडक से जा रहा था। वहां पर आरोपी गुरपाल ने तेजगति व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गया।

मांगों को लेकर तीन घंटे तक ठप रखा कारोबार

# सड़कों पर उतरे व्यापारी, छह महीने से बंद शंभू बॉर्डर को खुलवाने की मांग

केंद्र व राज्य सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग, बोले अगर जल्द समस्या का समाधान न हुआ तो खुद लेंगे बड़ा फैसला, सड़कों पर भी किया पैदल मार्च



**अंबाला।** शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर एकजुट कारोबारी व डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पिछले कई महीने से बंद पड़े शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए बुधवार को तमाम व्यापारी सड़कों पर आ गए। होलसेल कपड़ा मार्केट समेत सभी व्यापारियों ने अपने कारोबार तीन घंटे तक बंद विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने केंद्र व राज्य सरकार से तुरंत शंभू बॉर्डर खुलवाने की मांग की। इस दौरान एकजुट व्यापारी पैदल मार्च करते हुए डीसी ऑफिस भी पहुंचे। बॉर्डर खुलवाने को लेकर ज्ञापन भी डीसी सौंपा गया। व्यापारियों का आरोप है कि शंभू बॉर्डर बंद होने से वे तबाही के कगार पर खड़े हैं।

### कई लेयर की बैरिकेडिंग से धंधा ठप

होलसेल कपड़ा मार्केट में एकजुट हुए तमाम कारोबारियों ने कहा कि पिछले कई महीने से किसान शंभू बॉर्डर पर मोर्चा लगाए बैठे हैं। राज्य सरकार ने इन किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए शंभू बॉर्डर पर कई लेयर की बैरिकेडिंग की गई है। पिछले कई महीने से बॉर्डर पूरी तरह से बंद है। व्यापारियों ने कहा कि इसका सबसे ज्यादा नुकसान उन्हें उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब पंजाब की ओर से कोई खरीद यहां नहीं पहुंच रहा है। जबकि व्यापार के सिलसिले में भी हाइवे बंद होने से आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। होलसेल कपड़ा मार्केट के दुकानदारों ने कहा कि हाइवे बंद होने से उनका कारोबार ठप हो गया है। कारोबार को लेकर बैंकों की लिमिटों का ब्याज नहीं दिया जा रहा है। अब तो कर्मचारियों के वेतन तक के लाले पड़े हुए हैं। एकजुट व्यापारियों ने सभी मार्केट बंद करके एकजुटता दिखते हुए सरकार से हाइवे खोलने की मांग की। ज्यादातर व्यापारियों ने कहा कि पिछले लगभग 6 महीने से बंद किया गया है। एक तरफ देश का जवान है तो दूसरी तरफ देश का किसान डटे हुए है। उनका कहना है कि पिछले कई महीनों से शंभू बॉर्डर बंद है। जिसकी वजह से अंबाला में व्यापार पूरी तरह से ठप हो गया है। कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने कहा कि अब तो उनके लिए अब खर्चा निकलना मुश्किल हो गया है। व्यापारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द बॉर्डर न खुला तो एक बड़ा कदम उठाया जाएगा।

### तीन घंटे तक बंद रखी दुकानें

शंभू बॉर्डर बंद होने की वजह से विरोध में तमाम दुकानदारों ने तीन घंटे तक अपी दुकानें बंद कर प्रदर्शन किया। सुबह नौ से 12 बजे तक कोई दुकान नहीं खोली गई। हालांकि इसके बाद सभी दुकानदार अपने कारोबार पर लौट आए। दुकानदारों की ओर से पहले ही से विरोध स्वरूप अपने कारोबार बंद करने का ऐलान किया गया था। कांग्रेस समेत कई संगठनों ने इन दुकानदारों को पुरजोर समर्थन देने का ऐलान किया था। पिछले काफी समय से शंभू बॉर्डर को खुलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अपने स्तर पर कारोबारियों के साथ सियासी पार्टियों के नेता भी प्रयास कर रहे हैं। हालांकि अभी तक केंद्र व राज्य सरकार की ओर से बॉर्डर खुलवाने को लेकर कोई प्रयास नहीं किया गया।

### फिर सड़कों पर किया रोष मार्च

कपड़ा मार्केट में विरोध करने के बाद काफी संख्या में व्यापारी सड़कों पर उतर आए। इन लोगों ने पैदल मार्च करते हुए डीसी ऑफिस पर भी विरोध प्रदर्शन किया। जल्द बॉर्डर खुलवाने को लेकर नारेबाजी भी की। व्यापारियों ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर शंभू बॉर्डर खुलवाए। अन्यथा उन्हें खुद ही कोई बड़ा कदम उठाना पड़ेगा। इसके बाद कारोबारियों ने डीसी डॉ शालीन को ज्ञापन भी दिया। फिलहाल कारोबारियों के विरोध से प्रशासन भी हरकत में दिख रहा है। आने वाले दिनों में बॉर्डर खुलवाने को लेकर राज्य सरकार कोई निर्णय ले सकती है। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नीरु वढेरा ने कहा कि उनकी ओर से सभी कारोबारियों को बंद का भरपूर समर्थन दिया गया था। बंद पूरी तरह से कामयाब रहा। सभी दुकानदारों ने इसमें योगदान दिया।

## पति पर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने की कोशिश करने का आरोप

- महिला की शिकायत पर ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव जलूबी की एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ घरेलू हिंसा, दहेज प्रताडऩा और मारपीट का मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित महिला हरप्रीत कौर ने बराडा थाना में दी गई शिकायत में अपने पति, सास और ननद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस में दी शिकायत के अनुसार पीड़ित हरप्रीत कौर की शादी 31 जनवरी 2022 को सिख रीति-रिवाजों के अनुसार लवदीप सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसका पति लवदीप सिंह स्पेन चला गया था। महिला हरप्रीत का आरोप है कि ससुराल में रहते हुए उसके पति, सास और ननद ने मिलकर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। हरप्रीत ने बताया कि उसने कई बार पंचायत में मामला उठाया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

### होटल में ले जाकर करवाए साइन

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति लवदीप सिंह मार्च 2024 में स्पेन से वापस लौटा और उसे बहला-फुसलाकर के एक होटल में ले गया। यहां उसने हरप्रीत से अदालत में चल रहे सभी केस वापस करवाने वाले दस्तावेजों पर साइन करवा लिए और कहा कि वह उसे प्यार से रखेगा। इसके बाद हरप्रीत को दोबारा ससुराल ले जाया गया और वहां फिर से उसके साथ मारपीट की गई। अपनी शिकायत में हरप्रीत ने बताया कि लवदीप सिंह शराब और अफीम के नशे की हालत में उसके साथ अक्सर अप्राकृतिक और अनैतिक संबंध बनाने की कोशिश करता था। 30 जून 2024 की रात ससुराल वालों ने मिलकर हरप्रीत के साथ दुर्व्यवहार किया और उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। वह बड़ी मुश्किल से 1 जुलाई 2024 की सुबह गांव के सरपंच के पास पहुंच पाई। वहां से अपने माता-पिता को फोन करके बुलाया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति, सास व ननद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

**बराड़ा।** सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के तत्वाधान में स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया और राजकीय प्राथमिक पाठशाला अधोया में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिन पर जागरूकता अभियान प्रधानाचार्य राजेश पराशर की अध्यक्षता में चलाया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को प्लास्टिक बैग मुक्त अभियान के तहत शपथ दिलाकर इस अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के प्रांतीय प्रधान पवन के. पराशर ने विद्यार्थियों को इस दिन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण को काफी तेजी से नुकसान पहुंचा रहा है। प्लास्टिक पदार्थों से उत्पन्न कचरे का निस्तारण काफी कठिन होता है और पृथ्वी पर प्रदूषण में भी इसका काफी अहम योगदान है, जिससे यह एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है

## फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट से सरकार ने दिया झटका

- कांग्रेसी नेता जैन ने राज्य सरकार के फैसले का किया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से दिसंबर 2024 तक 47 पैसे प्रति यूनिट का फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट जारी रखने के फैसले को लेकर कांग्रेस ने विरोध शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि एक तरफ लोग महंगाई की मार से परेशान है उपर से फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट जारी रखकर बीजेपी सरकार आमजन को दोहरा झटका दे रही है। उन्होंने कहा कि फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट जारी रखना जनता का शोषण है। सरकार ने ऐसा करके जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट जारी रखने के फैसले से सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि उन्हें जनता के हितों की जरा भी चिंता नहीं है। जैन ने कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने जारी पत्र में कहा है कि बिजली उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणीयों पर मौजूदा एफएसए 47 पैसे प्रति यूनिट दिसंबर 2024 तक जारी रहेगा। उन्होने कहा कि एफएसए जो 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2024 तक लगाया जा रहा था वो दिसंबर तक जारी रहेगा। सरकार अपनी जेब भरने के लिए आम नागरिकों की जेब से पैसा खींच रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 0-150 यूनिट पर 2 रुपये 75 पैसे, 150 से 250 यूनिट पर 5 रुपये 25 पैसे , 251 से 500 यूनिट पर 6 रुपये 30 पैसे, 501 से 800 यूनिट पर 7 रुपये 10 पैसे की दर से बिजली बिल आता है लेकिन एफएसए जारी रखने के फैसले से हर महीने उपभोक्ता को लगभग 100 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

## एक्सईएन स्तर के अधिकारी की निगरानी में केसरी गांव के नाले को पक्का करने का कार्य होगा पूरा

- पंचायत अधिकारी घरों के नुकसान का लेंगे जायजा, सभी से संयम बनाए रखने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम सतेंद्र सिवाच।

गांव केसरी में नाले के विवाद को लेकर बुधवार को हाईलेवल मीटिंग हुई। ग्रामीण नाले के निर्माण को लेकर अड़े हैं। मीटिंग में एसडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएसपी सुरेश शर्मा और डीएसपी कैंट रजत गुलिया शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीणों को संयम बनाए रखने की अपील की है। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने बताया कि केसरी में खोदे गए नाले से गांव केसरी के साथ-साथ साहा क्षेत्र का पानी भी जाता है। ऐसे में यह नागरिकों से जुड़ी हुई समस्या है। इसको ध्यान में रखते हुए इस नाले को एक्सईएन स्तर के अधिकारी की निगरानी में पक्का बनाने का फैसला लिया गया है। ताकि पानी निकासी की समस्या से सभी गांववासियों को निजात मिल सके। एसडीएम ने बताया कि बैठक में यह भी फैसला लिया गया है कि जिन घरों में नुकसान पहुंचा है, उनके नुकसान का जायजा पंचायत अधिकारी जाकर लेंगे। जायजा लेने के बाद पंचायत अधिकारी रिपोर्ट बनाएंगे और इसे जल्द से जल्द प्रस्तुत करेंगे।

एसडीएम ने कहा कि पानी निकासी सभी ग्रामीणों की समस्या है। ऐसे में सभी संयम से काम लें। किसी भी सुरत में कानून अपने हाथ में न लें। गांव में आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाकर रखें। उन्होंने कहा कि जिला व पुलिस प्रशासन इस पर नजर बनाए हुए है। गांव की इस समस्या का जल्द से जल्द सकारात्मक समाधान निकालने के लिए वह दिन-रात प्रयासरत हैं।



**मुलाना।** सेवानिवृत के दौरान क्लर्क रूपराम व परिजन।

## 28 वर्ष की सेवा कर सेवानिवृत हुए रूपराम

**मुलाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जफरपुर के क्लर्क रूपराम 28 साल 4 महीने 8 दिन की सेवा देने के बाद सेवानिर्वित हो गए। उनके रिटायरमेंट पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे। रिटायरमेंट पर रुपराम को शॉल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के संस्कृत अध्यापक भगवान दास ने बताया की रूप राम ने अपने 28 वर्ष के कार्यकाल में अपनी नौकरी में किसी भी तरह का दाग नहीं लगने दिया। पूरी सेवा, कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से अपनी नौकरी की। उन्होंने बताया कि रूपराम माली के पद पर सन 1996 में शिक्षा विभाग में भर्ती हुए थे। 16 साल की माली के पद पर कार्य करने के बाद उनका क्लर्क के पद पर प्रमोशन हो गया। क्लार्क के पद पर रहते हुए उन्होंने 12 साल अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर वरिष्ठ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जफरपुर प्रधानाचार्य ओम, कृष्ण अग्रवाल,संस्कृत अध्यापक भगवान दास, राजकुमार ,लहरी सिंह, ढालिया गोस्वामी, रजनी, रविंद कुमार,चंद्र मोहन, शुभ राम, धर्मेंद्र कुमार,रितु रानी, भारती भी मौजूद रही।

## पूर्व विधायक संतोष सारवान फिर एक्टिव

- कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चुनाव की तैयारी के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



**बराड़ा।** समर्थकों के साथ दौरा करती पूर्व विधायक संतोष सारवान

भाजपा की पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बुधवार को क्षेत्र के हेमा माजरा , घेलडी., राजो खेड़ी, दादूपुर, चहल माजरा, कसेरला खुर्द, जलूबी,बराड़ा सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर नुक्कड़ सभाओं में मतदाताओं की नब्ज टटोलने का काम किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि विधानसभा चुनाव में अब समय नहीं बचा। कुछ समय बाद चुनाव होगा। सभी अभी से कमर कस लें। सारवान के इस दौरे से सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के लिए भी पूर्व विधायक ने जनसंपर्क किया था। उसी के तहत अब विधानसभा चुनाव की तैयारी जोर पकड़ती नजर आ रही है। वैसे तो विधानसभा चुनाव की टिकट के लिए भाजपा से अन्य चेहरे भी मैदान में है लेकिन संतोष चौहान सारवान के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों के परिपेक्ष्य में अपनी सफलता को सुनिश्चित मानकर चल रही हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता राजबीर बराडा, सत प्रकाश बिंजलपुर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। आने वाले समय में कुछ और लोग भी यहां से ताल ठोक सकते हैं। भाजपा हाई कमान इस बार इस पर अपना दाव खेलती है यह देखना होगा। हाईकमान भी इस बार कोई रिस्क नहीं लेना चाहता और जिताउ उम्मीदवार को ही मैदान में उतारेगा।

## तीन नए कानूनों का अमल हुआ शुरू

- डीसी डॉ. शालीन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश किए जारी
- 10वीं व 12वीं की स्कूल परीक्षाओं को लेकर धारा-163 लगाई गई

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

देशभर में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। जिला में भी इन कानूनों का अमल शुरू हो गया है। इसके तहत डीसी डॉ. शालीन ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की स्कूल परीक्षाओं को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (2023) की धारा 163 लगाई है। जिलाधीश एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड की सैकेंडरी व सीनियर सैकेंडरी की परीक्षाओं का आयोजन 3 से 11 जुलाई 2024 तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। यह परीक्षाएं दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। जारी आदेशों में कहा है कि परीक्षा के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षाओं का सुचारू रूप से संचालन करवाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रो के आसपास 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए है। यह आदेश 3 जुलाई से 11 जुलाई 2024 तक दोपहर 1.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस समय अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का हथियार, मोबइल फोन, वाईफाई यंत्र ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इतना ही नहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की मशीन भी बंद रखी जाएंगी।

### मुख्यमंत्री ने बढ़ाया सरपंचों और सफाईकर्मियों का मान

**मुलाना।** भाजपा लाभार्थी योजना के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतप्रकाश बिंजलपुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सरपंचों और सफाईकर्मियों को तोहफा दिया है। जिसके लिए वह मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते है। सतप्रकाश बिंजलपुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सरपंचो को बिना टेंडर 21 लाख तक के काम करने का अधिकार दिया है, यही नहीं सरपंचो को अफसरों के समान ट्रीटमेंट दिया जाएगा। गांव में कार्यक्रम होने पर उन्हें अधिकारी की तरह मंच पर प्रमुखता से स्थान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ऐसा करके सरपंचो का मान सम्मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह गांवों का भी शहर की तरह विकास करना चाहते हैं। इसके अलावा सफाईकर्मियों का मानदेय बढ़ाकर मुख्यमंत्री ने अच्छा कार्य किया है। इसका फायदा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने अगले विधानसभा चुनाव में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर एससी व बीसी वर्ग का मान बढ़ाया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

प्रचार के लिए हर गांव जा रही हैं सरकारी व प्राइवेट ड्रामा पार्टियां

# नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के जरिए बताई गई सरकारी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** सरकारी योजनाओं की नाटक के जरिए जानकारी देते कलाकार।

सूचना जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा हैं। इसमें नागरिकों को सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी ड्रामा पार्टी एवं भजन पार्टियों के द्वारा दी जा रही हैं। गांव बोह तथा बब्याल में प्राइवेट ड्रामा पार्टी द्वारा नाटक प्रस्तुत कर सरकार की योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यो के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी दी गई। कलाधारा ग्रुप की टीम के सदस्यों जिसमें युवक एवं युवती कलाकार शामिल हैं। अपनी कला के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति देकर आमजन का ध्यान अपनी ओर खिंच रहे हैं। अपने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से इन कलाकारों ने सरकारी योजनाओं के फायदे और किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं, इसकी जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने किसानों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अटल मजदूर कैंटीन, बेटियों के हित में चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, कन्यादान योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना, अंत्योदय अन्न योजना, जनऔषधि केन्द्र, आयुष्मान कार्ड जैसी कई योजनाओं के बारे में बताया।

मेरा पानी मेरी विरासत योजना, विभिन्न पोर्टल के माध्यम से सरकारी सेवाओं का घर बैठे मिल रहा लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में अभिषेक निगम, मानसी, मनीषा, मनीष, करन, नीरज, वंदना, शिवानी, गुंजन, इंदु शेखर शामिल रहे। जिनकी प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा बेहद सराहा गया और सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मनोज कौशिक ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ के निर्देशानुसार प्रदेश में 1 से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रदेश सरकार की साढ़े 9 सालों की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए विभागीय नियमित, अनुबंधित और सूचीबद्ध पार्टियां गांव-गांव में पहुंचेगी।

इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान जिला के सभी गांवों और शहरों के वार्डों को कवर किया जाएगा। जिले में विभागीय, नियमित और सूचीबद्ध ड्रामा पार्टियां कार्यक्रम देगीं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों को नागरिकों के समक्ष बताया जा रहा हैं।